**:جناب محمد ادیب** جس دن اس ہاؤس میں بحث ہو رہی تھی، اس دن اسرائیل کا سفیر یعنی کہیں کچھ اور معاملہ ہے، پردے کے پیچھے بی۔جے۔پی۔ کے آفس میں بیٹھا ہوا تھا۔ ...میں سمجھتا ہوں کہ بی۔جے۔پی۔ کو کھل کر کہنا (مداخلت)کچھ اور چل رہا ہے ... ...(مداخلت)چاہئے...

**:شری اوناش رائے کھنہ** یہ آپ کیسے کہہ سکتے ہیں؟

**:ادیب محمد جناب** یہ رہی ہو کہ جب اس کے پاس نہیں تو یہ کیا مسئلہ ہے کہ جس ملک پالیسی کچھ نہیں تھا، تو وہ دنیا کا حاکم تھا، جبکہ آج سب کچھ ہے، تو یہ ملک امریکہ اور اسرائیل یہ چند لوگ ہیں، جیسا میں نے کہا، جن کا خاکہ بہت دور جاکر ملتا کا غلام بن کر رہ گیا ہے۔ ہے۔ وہ ٹسک موجود ہے، جس میں کرنل پروہت نے یہ کہا ہے، کرکرے صاحب نے وہ ٹسک پکڑی تھی، کہ ہم اسرائیل کے ساتھ معاملات کر رہے ہیں۔ ہم کو وہاں سے اسلحہ بھی ملے گا اور ہم ایک ہندو راشٹر بنانے میں مدد بھی کریں گے۔ مجھے یہ لگتا ہے کہ اگر سشما سوراج صاحبہ اتنی بہترین منسٹر ہیں، اتنی بہترین شخصیت ہیں، میں ان کی بڑی قدر کرتا ہوں، تو میں سمجھتا ہوں کہ آپ اللہ کے واسطے اس ملک کی سیاست کو اس طرف مت لے جائیے، جو ہمارے آباؤاجداد نے، ہمارے بزرگوں نے سیکھا تھا، جس ملک کا خواب دیکھا تھا۔ ہمیشہ یہ یہ جنگ نہیں ہے، یہ زمین پر قبضے کا مسئلہ ہے۔ ملک مسکینوں کے ساتھ کھڑا رہا ہے۔ اگر قبضے کے مسئلے پر بھی آپ نہیں اٹھیں گے، آپ تصور کیجئے، ہمارے دل کو تکلیف پہنچتی ہے، جب ہمیں یہ احساس ہوتا ہے کہ ہمارے کشمیر کے کچھ حصے پر پاکستان نے قبضہ کر لیا ہے۔ ہم اس کے خلاف آواز اٹھاتے ہیں، تو اس فلسطین پر جہاں قبضہ ہو گیا، وہاں آواز اٹھانے میں آپ کو کیاپریشانی ہے؟ آپ نے اس کو آٹھ دن ڈیلے کرکے ایک غلط پیغام دیا ہے۔ میں سمجھتا ہوں کہ شرد یادو جی نے جو بات کہی تھی، وہ گائڈ لائن ہے، وہ ایک پوری سیدھی روشنی ہے کہ اگر آپ کو اس ملک کا ہت چاہئے، تو کھل کر کہئے، یہ پردہ داری مت کرئیے۔ کچھ نہ کچھ تو ہے، جس کی پردہ داری ہے، جس کے لئے آپ کو بے چینی ہے، جس کے لئے اسرائیل کا سفیر بی۔جے۔پی۔ کے دفتر میں بیٹھتا ہے۔ وہ بی جے پی کے دفتر

[श्री मोहम्मद अदीब]

میں اس دن بیٹھتا ہے جس دن اس پارلیمنٹ میں کہا جاتا ہے کہ اس پر بحث ہو۔ میں آپ کا بہت آبھاری ہوں اور میں سمجھتا ہوں کہ وہ ریزولیوشن پاس ہونا چاہئے، جو ایل۔او۔پی صاحب نے دیا ہے۔ وہ سجیشن، جو سیتارام یچوری جی نے دیا ہے، اس پر بھی اس ہاؤس کو عمل کرنا چاہئے۔ دونوں ہاؤس میں، اس ہاؤس میں اور اس ہاؤس میں، اس پر بھی بحث ہو کر اسرائیل کے خلاف ایک ریزولیوشن پاس ہونا چاہئے اور ان سے ہمارے تجارتی معاملے کو ختم کیا جانا چاہئے۔ ان الفاظ کے ساتھ بہت بہت شکریہ۔

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the allotted time is over. We are running out of time. Three hon. Members are pressing me for two minutes each. If the House allows, I will give them two minutes.

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: Sir, let them speak.

**श्री हुसैन दलवई** (महाराष्ट्र) : सर, गाजा पट्टी के मुद्दे पर आज बहस हो रही है। गाज़ा पट्टी में जो सबसे ज्यादा डेनसली पॉपुलेटेड एरिया है, वहां 15 लाख लोग 144 स्क्वायर मीटर में रहते हैं। वहां कहीं भी बम्बार्डमेंट होती है, तो बेचारे लोग मरते हैं। आज इस ढंग से बम्बार्डमेंट हो रही है कि इजराइल के प्रेसिडेंट यह कहते हैं कि अगर ओबामा भी हमें बोलेंगे, तो भी हम यह बम्बार्डमेंट बंद नहीं करेंगे। वहां इतनी * चल रही है। वहां से जो तीन विद्यार्थी भगाए गए, किडनैप हुए, कैसे वे किडनैप हुए, उस पर भी बहस होनी बहुत जरूरी है। इजराइल में खास करके नौजवान लोग सैटलमेंट जमीन लेते हैं और वहां से पैलस्टीनियन लोगों को भगा देते हैं। इसकी वजह से वहां पर हमेशा झगड़ा होता है। पहले 1917 में पी.एल.ओ. के पास इतनी जमीन थी, लेकिन आज की हालत क्या है? आज उनकी 95% जमीन इजराइल के हाथ में है, खाली 5% में बेचारे पैलस्टीनियन लोग रह रहेक हैं, जैसे उनको जेल में रखा गया हो।

मैं वहां पीस मिशन पर गया था, लेकिन वहां की हकीकत देख कर मुझे बहुत बुरा लगा। वहां स्थिति यह है जैसे वहां की सारी बस्ती एक जेल में रह रही हो। उनको जहां भी जाना हो, हर जगह वॉल्स बना रखी हैं। वहां भाई-भाई में भी दुश्मनी बनी हुई है। भाई को भाई नहीं मिल सकता, बच्चों को बच्चे नहीं मिल सकते, ऐसी स्थिति वहां है। मेरे ख्याल से इन सारी चीजों को ठीक तरह से देखना बहुत जरूरी है।

गांधी जी ने क्या कहा अथवा नेहरू जी ने क्या कहा, इसकी बहस यहां हो चुकी है। हमारे देश की एक परम्परा है। अगर हम अपनी उस परम्परा को छोड़ेंगे तो बहुत गलत होगा। मैं अपने दोस्तों से कहूंगा, गांधी जी या नेहरू जी परम्परा की बात आप छोड़िए, आप वाजपेयी जी से तो सीखिये और उनकी तरह उदार मतवादी हो जाइए।

* Expunged as ordered by the Chair.

यह सवाल हिन्दू-मुसलमान का सवाल नहीं है। आप इसे हिन्दू-मुस्लिम का सवाल समझकर बिल्कुल मत देखिए। यह इन्सानियत का सवाल है। ...(**समय की घंटी**)...

**श्री उपसभापति** : आप बैठिए।

**श्री हुसैन दलवई** : एक मिनट। मेरा कहना यह है, मैं जिस भाग से आया हूं, वहां से बड़े पैमाने पर लोग नौकरी-धंधे के लिए, इंडस्ट्रीज के लिए गए हुए हैं। ...(**समय की घंटी**)... जैसे वहां केरल के बहुत लोग गए हैं, हमारे यहां के लोग भी गए हैं, उसका कारण यह है ...(**समय की घंटी**)...हमें सब खत्म करने की बात बिल्कुल नही करनी चाहिए। इजराइल से आपको कोई फायदा नहीं है। ...(**समय की घंटी**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now please sit down.

**श्री हुसैन दलवई** : इजराइल एक ऐसा देश है ...(**समय की घंटी**)... आप क्या रिश्तों की बात करते हैं ...(**समय की घंटी**)...

**श्री उपसभापति** : आपके दो मिनट हो गए।

SHRI BAISHNAB PARIDA (Odisha): Sir, thank you for allowing me to speak a few words on this important issue. First of all, I would remind my friends that India, since its independence, has been supporting this struggle of the Palestinian people. We supported them not only within the country but also in the U.N. and other international fora Everybody knows that the State of Palestine came into existence not only because of the heroic struggle of the Palestinian people but also because of international support. Asia, Africa, Latin America, all these countries and National Liberation Movements have stood behind the Palestinian people. And it is also known that before the formation of Palestine, Israel had been opposing it. They were not only opposing it but there had also been many aggressions from the Israeli soil taking place from time to time during these years. It is also well-known in the international arena that Israel does not want the Palestine State on its border. So, this is not a new aggression, a new attack, on the Palestinian people. India, since the times of Pandit Jawaharlal Nehru to Shri Atal Bihari Vajpayee and, lately, to our present Prime Minister, has supported the very existence of Palestine. Now I am astonished as to why it took us six of seven days to decide whether we should discuss this matter or not. Two friends are there, Sir. If one friend attacks another friend to kill him and if we stand as a mute spectator and let the two decide who will kill whom, then the stronger one will kill the weaker one. So I oppose openly and ask Israel to stop aggression immediately. Thank you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. अठवाले जी, आपके पास सिर्फ दो मिनट का समय है। जल्दी बोलिए।

**श्री रामदास अठावले** : सर, मुझे लगता है कि यह विषय अपने हाउस को डिवाइड करने वाला विषय नहीं है। यह विषय बहुत इम्पोर्टेंट है। आपने देश की परम्परा शान्ति की परम्परा है, बुद्ध की परम्परा है। आज तक दुनिया में जहां-जहां भी ह्यूमन राइट्स का उल्लंघन हुआ है, ह्यूमन राइट्स के खिलाफ जिन्होंने काम किया है, उनके खिलाफ भारत रहा है। नरेन्द्र मोदी जी देश के प्रधान मंत्री हैं। फिलीस्तीन और इजराइल के इश्यू पर, जहां मानवतावाद का उल्लंघन हुआ, उन्होंने भी इसका विरोध किया है। मुझे लगता है कि वहां दो कंट्रीज बनाने के सम्बन्ध में भी किसी प्रस्ताव के बारे में विचार हो सकता है। अमेरिका अगर बोलता था कि इराक में से हमें आतंकवाद खत्म करना है, तो अमेरिका आज क्या कर रहा है? रशिया यूक्रेन का क्या कर रहा है? मलेशिया के विमान में जो लगभग 299 लोग जा रहे थे, उनको वहां पर मार गिराया गया है। मुझे लगता है कि फिलिस्तीन की जगह पर इजराइल ने कब्जा किया है। जिस तरह से पाकिस्तान ने हमारे कश्मीर पर कब्जा किया है, उसी तरह उन्होंने वहां कब्जा किया है। मुझे लगता है कि इज़राइल के साथ संबंध बिगाड़ने की जरूरत नहीं है। मुझे तो लगता है कि इजराइल के पास जितने हथियार हैं, उतने ले लो, ताकि वह युद्ध बन्द करे। ...(**व्यवधान**)... हथियार की बात नहीं है, अपने देश की इकानॉमी की बात है। यह सही बात है कि 1991 से ही इजराइल के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रहे हैं। इजराइल एक कंट्री है, वहां का विवाद उनका है। लेकिन इजराइल की तरह फिलिस्तीन भी एक कंट्री है। इसलिए इन दोनों कंट्रीज के साथ हमारे संबंध अच्छे थे और अच्छे रहने भी चाहिए। मगर इजराइल वहां अन्याय कर रहा है, तो भारत को इजराइल के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। इजराइल को बोलना चाहिए कि वहां हथियार प्रयोग करने की आवश्यकता नहीं है।

सर, मुझे लगता है कि इस विषय पर चर्चा आज से पहले ही होनी चाहिए थी। पहले भी जब रेल बजट होता था, तो दूसरी चर्चा नहीं होती थी। लेकिन विरोधी पक्ष वालों को हंगामा करने की आदत लग गई है। वह आदत पहले हमें थीं और अब यह आदत इन लोगों को लग गई है। इसलिए हाउस का टाइम बचाने का काम भी आप लोगों को करना चाहिए। हम जो कर रहे थे, अगर वही आप करेंगे तो उससे हाउस नहीं चलेगा। इसलिए मुझे लगता है कि हम सब लोगों को यहां इजराइल कंट्री का विरोध नहीं करना है, बल्कि इजराइल ने जो स्टैंड लिया है, उस स्टैंड का हमें विरोध करना है। यहां कोई मुसलमान या किसी अन्य बात का विषय नहीं है। 1917 में फिलिस्तीन की जगह पर इजराइल का निर्माण करने का काम हुआ। अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ने 1948 में इस कंट्री को मान्यता दी। लेकिन, यह जगह फिलिस्तीन की है और वहां इज़राइल के लोग ज्यादा हैं। मैं इज़राइल को कहना चाहता हूं कि आप शान्त रहो। दुनिया में जब कहीं मानवता का उल्लंघन होता है, तब पूरी दुनिया को उसके खिलाफ रहना चाहिए। ...(**समय की घंटी**)... लेकिन, अगर ऐसे युद्ध ही करना है, तो अगर, इजराइल फिलिस्तीन के साथ युद्ध कर रहा है, ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : बस करो, बस। ...(**व्यवधान**)... बस, बस। ...(**व्यवधान**)... हो गया। ...(**व्यवधान**)... बस कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री रामदास अठावले** : तो एक दिन पाकिस्तान के साथ हमें युद्ध करना पड़ेगा। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : हो गया। ...(**व्यवधान**)... बस कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री रामदास अठावले** : इसलिए पाकिस्तान अगर हमारे कश्मीर का एरिया नहीं देता हैं, तो एक बार ऐसा भी करना पड़ेगा। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : श्री मोहम्मद शफ़ी ...(**व्यवधान**)... लास्ट स्पीकर। ...(**व्यवधान**)...

**श्री रामदास अठावले** : लेकिन, यह युद्ध की बात नहीं है। ...(**व्यवधान**)... हमें युद्ध नहीं चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : श्री मोहम्मद शफ़ी ...(**व्यवधान**)... लास्ट स्पीकर। ...(**व्यवधान**)...

**श्री मोहम्मद शफी** (जम्मू और कश्मीर) : सर, इजराइल की खुली जारहियत के हवाले से ऐवाल में दो घंटे से ज्यादा वक्त में बहस हो रही है। लीडर ऑफ अपोजिशन की जानिब से जो करारदात यहां पेश हुई है, मैं अपनी जमात जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस की तरफ से उसकी भरपूर हिमायत करता हूं। इजराइल का वजूद तारीखी लिहाज से अरब दुनिया पर ही नहीं बल्कि सारी दुनिया मे जुल्म की एक दास्तान, जो साम्राज्यवादी ताकतों ने रकम की है, उसकी एक मिशाल है। उसकी मिसाल है। बड़ी तफसील के साथ यहां पर इज़राइल के वजूद में आने और फिलिस्तीनी अवाम के हुकूक के बारे में बात हुई है। मैं उन बातों को यहां दोहराना नहीं चाहता, लेकिन एक बात जरूर इस ऐवान में रखूंगा कि हमारे मुल्क की एक तारीख रही, इस मुल्क की कयादत ने आजादी से पहले भी, जैसे गांधी जी का यहां हवाला दिया गया है इजराइल जो है, वह तो बैनलगामी सत्ता पर जुल्म के एक पैकर के तौर पर वजूद में रहा। जब कभी भी फिलिस्तीन के हुकूक के हवाले से बात हुई बैनुअकवामी सतह पर हिन्दुस्तानी क़यादत ने हमें मज़लूम फिलिस्तीनी आवाम के हुकूक की हिमायत की। मुझे देख हो रहा था, यहां तो फिलिस्तीन के आवाम के हुकूम की बात हो रही थी और उस पर होने वाला इस वक्त जो हमला हो रहा है, उसके हवाले से बात हो रही थी। हूकुमरां जमात के एक हमारे साथी यहां पर नमाज और जन्नत की बात कर रहे थे। मैं अपने आप पर तरस खा रहा था। हम इतने बड़ ऐवान में इस वक्त एक बड़े सियासी मसले की बात कर रहे हैं और वे यहां नमाज और जन्नत के हवाले से हम पर वार कर रहे हैं। वे यहां नमाज और जन्नत के हवाले से हमें बता रहे हैं, हम जानते हैं कि उनके जेहन में क्या बात थी। ...(**समय की घंटी**)... यह मुसलमान का मसला नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

†**[جناب محمد شفیع (جموں وکشمیر) :** سر، اسرائیل کی کھلی جارحیت کے حوالے سے ایوان میں دو گھنٹے سے زیادہ وقت سے بحث ہورہی ہے۔ لیڈر آف دی اپوزیشن کی جانب سے جو قرارداد یہاں پیش ہوئی ہے، میں اپنی جماعت جموں وکشمیر نیشنل کانفرنس کی طرف سے اس کی بھرپور حمایت کرتا ہوں۔ اسرائیل کا وجود تاریخی لحاظ سے عرب دنیا پر ہی نہیں بلکہ ساری دنیا میں ظلم کی ایک داستان، جو سامراجیہ وادی طاقتوں نے رقم کی ہے، اس کی ایک مثال ہے۔ بڑی تفصیل کے ساتھ یہں پر اسرائیل کے وجود میں آنے اور فلسطینی عوام کے حقوق کے بارے میں بات ہوئی ہے۔ میں ان باتوں کو یہاں دوہرانہ نہیں چاہتا، لیکن ایک بات ضرور اس ایوان میں رکھوں گا کہ ہمارے ملک کی ایک تاریخ رہی ہے، اس ملک کی قیادت نے آزادی سے پہلے بھی، جیسے گاندھی جی کا یہاں حوالہ دیا گیا اور آزادی کے بعد ظالم کا ساتھ نہیں دیا، مظلوم کا ساتھ دیا۔ اور اسرائیل جو ہے، وہ تو بین الاقوامی سطح پر ظلم کے ایک پیکر کے طور پر موجود رہا۔ جب کبھی بھی فلسطین کے حقوق کے حوالے سے بات ہوئی بین الاقوامی سطح پر ہندستانی قیادت نے ہمیشہ مظلوم فلسطینی عوام کے حقوق کی حمایت کی۔ مجھے دکھ ہورہا تھا، یہاں تو فلسطین کے عوام کے حقوق کی بات ہورہی تھی اور اس پر ہونے والا اس وقت جو حملہ ہورہا ہے، اس کے حوالے سے بات ہورہی تھی۔ حکمراں جماعت کے ایک ہمارے ساتھی یہاں پر نماز اور جنت کی بات کررہے تھے۔ میں اپنے آپ پر ترس کھا رہا تھا۔ ہم اتنے بڑے ایوان میں اس وقت ایک بڑے سیاسی مسئلے کی بات کررہے ہیں اور وہ یہاں نماز اور جنت کے حوالے سے ہم پر وعظ کررہے ہیں۔ وہ یہاں نماز اور جنت کے حوالے سے ہمیں بتارہے ہیں، ہم جانتے ہیں کہ ان کے ذہن میں کیا بات تھی۔ ...(وقت کی گھنٹی)... یہ مسلمان کا مسئلہ نہیں ہے ...(مداخلت)...

†Transliteration in Urdu Script.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, please conclude.

**श्री मोहम्मद शफ़ी** : यह मुसलमान का मसला नहीं है, यह तो ज़ालिम और मज़लूम का सवाल है। ...(**व्यवधान**)...

†[**محمد شفیع (جموں وکشمیر)** : سر، یہ مسلمان کا مسئلہ نہیں ہے، یہ تو ظالم اور مظلوم کا سوال ہے ...(مداخلت)...]

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, please conclude.

**श्री मोहम्मद शफ़ी** : यहां पर ये यह बात कह रहे थे कि मामलात के हवाले में यहां पर हमेशा एक इत्तफाक राय रहा है consensus रहा है। ...(**व्यवधान**)... सर, दो मिनट और दे दीजिए।

†[**محمد شفیع (جموں وکشمیر)** : یہاں پر یہ بات کہہ رہے تھے کہ ہر معاملات کے حوالے میں یہاں پر ہمیشہ ایک اتفاق رائے رہا ہے، consensus رہا ہے۔ ...(مداخلت)... سر، دو منٹ اور دے دیجئے۔]

**श्री उपसभापति** : नहीं, नहीं, दो मिनट नहीं मिलेंगे, कृपया अब आप समाप्त कीजिए।

**श्री मोहम्मद शफ़ी** : आज आपका इम्तिहान है। अगर consensus रहा है, तो आज जो कंरारदादे मुजम्मत यहां पर पेश होने वाली है ...(**व्यवधान**)...

[**محمد شفیع (جموں وکشمیر)** : آج آپ کا امتحان ہے۔ اگر consensus رہا ہے، تو آج جو قرارداد مذمت یہاں پر پیش ہونے والی ہے ...(مداخلت)...]

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. Now, Shafi*ji*, please conclude. बैठिए, बैठिए। Now, please take your seat. Don't take advantage. That is okay. Sit down.

**श्री मोहम्मद शफ़ी** : आपके लिए इम्तिहान है आप इस करादाद की भरपूर हिमायत कीजिए ...(**व्यवधान**)... और मुजम्मत की करादाद इजराइल के खिलाफ पास कीजिए।

†[**جناب محمد شفیع** : آپ کے لئے امتحان ہے آپ اس قرارداد کی بھرپور حمایت کیجئے ...(مداخلت)... اور مذمت کی قرارداد اسرائیل کے خلاف پاس کیجئے۔]

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : धन्यवाद, उपसभापति जी। उपसभापति जी, सबसे पहले तो मैं अपने उन सभी साथियों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहूंगी, जिन्होंने इस चर्चा में भाग लिया। गुलाम नबी आजाद साहब से शुरू होकर मोहम्मद शफी साहब तक, 20 साथियों ने इस चर्चा में हिस्सेदारी की है। नेता प्रतिपक्ष, गुलाम नबी आजाद जी ने चर्चा की शुरुआत की और प्रारंभ में ही

†Transliteration in Urdu Script.

[श्रीमती सुषमा स्वराज]

कहा कि मुझे इस बात का खेद है कि अगर यह चर्चा 16 तारीख को हो जाती, तो भारत उन देशों में शामिल हो जाता, जो इस पर कठोर प्रतिक्रिया दे रहे थे। मुझे समझ नहीं आया कि गुलाम नबी आजाद साहब इस बात को भूल कैसे गए? 16 तारीख को आपने चर्चा लगाई थी, लेकिन भाईजान, एक दिन पहले ही 15 तारीख को भारत अपनी प्रतिक्रिया दे चुका था और सार्वजनिक तौर पर एक अंतर्राष्ट्रीय मंच से दे चुका था। "ब्रिक्स" कोई छोटा-मोटा मंच नहीं है, चीन, रूस, ब्राजील, साउथ अफ्रीका, उनके साथ मिल कर भारत ने अपनी प्रतिक्रिया दी थी और जो संयुक्त स्टेटमेंट वहां जारी हुआ था, सीताराम येचुरी जी ने उसकी बहुत सराहना की। उसके एक-एक शब्द की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। क्या कहीं कोई कमी आपको उसमें दिखाई दी? किसी तरह की कोई कमी उस वक्तव्य में, उसमें ज्वाइंट स्टेटमेंट में नहीं है तो, 15 तारिख को जब भारत अपनी प्रतिक्रिया दे चुका, तो आपका यह कहना कि भारत चूक गया, यह अपने आप में गलत है और मुझे उससे भी ज्यादा आश्चर्य हुआ जब भाई आनन्द शर्मा बोले, क्योंकि कांग्रेस से इसमें दो ही लोग बोले है, नेता प्रतिपक्ष ने शुरूआत की थी और बाद में भाई आनन्द शर्मा जी ने जोड़ा। उन्होंने कहा कि मैं विदेश मंत्री से पूछना चाहता हूं कि क्या रशिया के साथ बाइलेटरल में यह चर्चा हुई थी? चाइना के साथ बाइलेटरल में यह चर्चा हुई थी? आनन्द भाई, आप यह जानते हैं कि अगर उन पांचों देशों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा नहीं हुई होती तो संयुक्त वक्तव्य बनता कैसे? उन सब के साथ चर्चा हुई थी तभी तो पांचों देशों के अधिकारी बैठे और यह संयुक्त वक्तव्य इसमें से निकला। जब मल्टी लेटरल फोरम पर एक वक्तव्य गया है, आप उसकी अहमियत कम करके आंक रहे हैं और मुझसे पूछ रहे हैं कि बाइलेटरल चर्चा हुई कि नहीं। अगर द्विपक्षीय चर्चाएं हुईं रशिया के साथ नरेन्द्र मोदी जी की बात हुई, मि. पुतिन के साथ, चाइना के साथ Mr. Xi Jinping के साथ बात हुई, ब्राजील के साथ बात हुई, साउथ अफ्रीका के साथ बात हुई और उनमें एक सहमति बनी, तभी तो यह ज्वाइंट स्टेटमेंट निकला। इसलिए मुझे आश्चर्य हुआ कि आनन्द शर्मा जी जैसा व्यक्ति जो इंटरनेशनल अफेयर्स का मालिक समझा जाता है, वे ये प्रश्न मुझसे पूछ रहे हैं।

**श्री आनन्द शर्मा** : इसका स्पष्टीकरण अगर आप दें। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : अब आप मुझे पूरा सुनिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री आनन्द शर्मा** : दो बातें होती हैं सुषमा जी, एक तो शिखर सम्मेलन का घोषण पत्र जिसकी हम सराहना करते हैं, हमने उसकी चर्चा की, वह अलग होती है। जब वन टू वन होती है, हैड ऑफ स्टेट और हैड ऑफ गवर्नमेंट की, उसमें कई विषय चर्चा में आते हैं जो शिखर के एजेंडा से अलग होते हैं। मैंने यह मालूमात करने की कोशिश की कि कभी जिक्र हुआ कि क्या प्रधान मंत्री जी आकर अपना बयान देंगे। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : आप स्वयं की इस बात का जवाब दे रहे हैं कि एजेंडा में वह क्यों आया? आपने कहा कि वह एजेंडा में आते हैं, वे एजेंडा में चर्चा में आए तो स्टेटमेंट में आए तो बाइलेटरल चर्चा हुई। दूसरी बात आप कह रहे हैं प्रधान मंत्री जी के बयान की और आपने इसमें एक शब्द इस्तेमाल किया, "He is obliged to make the statement." मैं पूछना चाहती हूं कि इससे पहले 5 बार शिखर सम्मेलन ब्रिक्स का हुआ। कितनी बार यह ऑब्लिगेशन डॉ. मनमोहन सिंह जी ने निभाई है? ...(**व्यवधान**)... नहीं-नहीं, आप मुझे बताइए न, हर बार बाइलेटरल स्टेटमेंट

होता है। आप एक बार भी मुझे बता दीजिए। प्रधान मंत्री श्री मोदी जी बयान देंगे या नहीं देंगे, यह मुझे नहीं मालूम, लेकिन मैं आपकी बात पर केवल यह कह रही हूं कि आपने कहा "He is obliged to make the statement." आप जाकर देख लीजिए कि एक बार भी हुआ या नहीं। एक बार भी नहीं हुआ। एक बार भी ब्रिक्स की सम्मिट के बाद बयान नहीं हुआ। एक बार बयान केवल EAM का आया था और वह भी इस पर BRICS, IBSA और एक न्यूक्लिअर ट्रीटी, तीनों का मिलाजुला एक बयान उस समय पर सलमान खुर्शीद साहब ने दिया था EAM ने लेकिन कभी भी आज तक ब्रिक्स सम्मिट के बाद प्रधान मंत्री का कोई बयान दोनों सदनों में से एक में भी नहीं हुआ। लेकिन मैं इस विषय पर आती हूं, चूंकि आपने प्रश्न उठाया था इसलिए मैंने कहा। फिर आपने कहा कि क्या आप वहां पर मदद देंगे, यदि आपने प्रश्न पूछा मुझसे कि कोई माली मदद देंगे? तो मैं सदन को बताना चाहती हूं कि 20 बिलियन यू.एस. डॉलर तो बजटरी सपोर्ट देते हैं फिलिस्तीन को, लेकिन वन मिनियन यू.एस. डॉलर केवल UNRWA को, जो यूनाइटेड नेशंस की रिलीफ एंड वर्क्स एजेंसी है, उसको देते हैं। केवल फिलिस्तीन रिफ्यूजी का कुछ सहायता करने के लिए और उनको चीजें मुहैया कराने के लिए। तो जो दो बातें, नेता प्रतिपक्ष ने पूछी हैं और एक आनन्द शर्मा जी ने पूछी है, उन दोनों का जवाब मैंने देने का प्रयास किया है कि ब्रिक्स में भारत अपनी प्रतिक्रिया दे चुका था और बाइलेटरल टॉक्स में यह बात आई तभी तो शिखर एजेंडा के उसमें आई। उसके बाद भारतीय जनता पार्टी की तरफ से तीन लोग बोले। सबसे पहले अनिल माधव दवे जी बोले, फिर चंदन मित्रा और फिर तरुण विजय जी बोले। मुझे नहीं मालूम कि आपने उनकी भावनाओं को क्या समझा। दवे जी महज इतना बतलाना चाह रहे थे कि आज पूरे विश्व में जितनी अशांति है, बजाय टुकड़ों-टुकड़ों में एक-एक जगह चर्चा करने के, अगर सदन पूरी चर्चा समग्रता में करता तो शायद कोई निदान और समाधान तक हम पहुंच पाते। अब इस बात को मुझे नहीं पता कि कैसे भाई शरद यादव ने यह समझ लिया कि वे धर्म के आधार पर बात कर रहे हैं, मजहब के आधार पर बांटना चाह रहे हैं।

शरद भाई, यह सरकार मजहब के आधार पर कतई कोई तफरका नहीं करती, यह मैं आपको बहुत साफ कह देना चाहती हूं। मैं आपको उसका एक उदाहरण देना चाहती हूं। आपके पीछे अंसारी साहब बैठे हैं। इसी महीने की 2 जुलाई को सऊदी अरब का एक मसला लेकर वह मेरे पास पाए थे। उसमें 40 लोग, जिसमें से ज्यादातर बिहार के थे और 11 राजस्थान के थे और ये सारे-के-सारे मुस्लिम समुदाय के थे। इन्होंने मुझे आकर कहा कि सऊदी अरब में ये बच्चे सजा काट चुके हैं। उन्हें कहीं नारे लगाने की सज़ा मिली थी। उन्हें दो महीने की कैद और 50-50 कोड़े की सजा दी गई थी। इन्होंने कहा कि उन्हें कोड़े भी लग चुके हैं, वे सज़ा भी काट चुके हैं, लेकिन वहां एक साल से बंद पड़े हैं। मैंने कहा बहुत बेइंसाफी हो रही है। हमने उसी दिन 2 तारीख की रात को अम्बैसडर से बात कर के, पूरी जटिल प्रक्रिया समाप्त कर के, 17 तारीख की रात को उन्हें सऊदी अरब से भारत के जहाज में चढ़ा दिया गया और 18 तारीख को वे बच्चे भारत पहुंच गए। मैंने यह नहीं देखा कि वे किस मजहब के हैं। वे हिंदुस्तानी है। अगर बाहर विदेश में एक भी व्यक्ति के साथ बेइंसाफी हो रही है, तो वह चाहे किसी भी मजहब का क्यों न हो, हम उसके लिए पूरा न्याय करेंगे। उपसभापति महोदय, आप तो साक्षी हैं, केरल की वे नर्सें, जिनमें से अधिकतर क्रिश्चियंस थीं, मैंने तो उनका मजहब नहीं देखा। हम दो दिन की कैप्टिविटी के बाद उन्हें वहां से निकालकर ले आए। अभी भी मेरे 39 बच्चे इराक में बंधक हैं, जिनमें से ज्यादातर सिख समुदाय

[श्रीमती सुषमा स्वराज]

के हैं, पंजाब के हैं। हम उन्हें वहां से निकालने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। इसलिए शरद भाई बिल्कुल मत सोचिए कि यह सरकार किसी को मजहब के आधार पर देखती है या मजहब के आधार पर किसी चर्चा को स्वीकार या समाप्त करती है।

**श्री शरद यादव** : मेरी बात को आपने ठीक से नहीं समझा। मैं तो इतनी बात कह रहा था कि आज का विषय फिलिस्तीनी गाजा पट्टी में हो रही हिंसा का है। इससे बाहर जाएंगे तो बात लंबी खिंचेगी और न्यायसंगत भी नहीं होगी।

**श्री सुषमा स्वराज** : उसे कहते-कहते आप यह कह गए कि दवे साहब मजहब के आधार पर बांटने की बात कर रहे थे। उसका उत्तर मैंने दिया।

महोदय, जदयू से दो साथी बोले। शरद यादव जी के बाद भाई के.सी. त्यागी बोले थे। त्यागी जी, मैंने कभी सोचा नहीं था कि आप यहां आधी-अधूरी बात रखेंगे। आपने 10 जुलाई का मिनिस्ट्री का बयान पढ़कर सुनाया, लेकिन आपने जो वाक्य पढ़ा, उससे पहले भी उसमें एक वाक्य लिखा था। वह वाक्य मैं पढ़कर सुनाती हूं। हमने पहले वाले 10 जुलाई के बयान में कहा था, "The Ministry of External Affairs issued a Statement on 10th July, 2014, expressing deep concern at the escalation in violence, particularly through air strikes in Gaza resulting in loss of civilian lives and damage to property." यह आपने नहीं पढ़ा, आपने क्रॉस बॉर्डर प्रोवोकेशन पढ़ लिया।

**श्री के.सी. त्यागी** : मैंने जिस अखबार में यह स्टेटमेंट पढ़ा है...

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : उसमें आधा लिखा था। ...(**व्यवधान**)... विदेश मंत्रालय के बयान के पहले जिक्र गाज़ा का हुआ है, बाद में इजराइल के हमले का हुआ है। बाद में क्रॉस बॉर्डर प्रोवोकेशन की बात हुई है। सबसे पहले हमने ग़ाजा के वॉयलेंस की बात की है और उसमें सिविलियन लाइव्ज व प्रॉपर्टी के डैमेज की बात की है। मैंने आपको वह बयान पढ़कर सुना दिया। इसलिए मैं कहूंगी कि आप मुझसे आधी-अधूरी बात न करें।

महोदय, नेता प्रतिपक्ष ने मुझसे सीधा प्रश्न किया कि क्या विदेश नीति में कोई बदलाव हुआ है? महोदय, मैं पूरी जिम्मेदारी से आपके माध्यम से पूरे सदन को बताना चाहती हूं कि विदेश नीति में रत्ती-भर, तिल-भर बदलाव नहीं हुआ है। मगर वह नीति यह है कि पैलस्टीनियन कॉज का भरपूर समर्थन करते हुए हम इज़राइल से संबंध बनाए हुए हैं। उपसभापति जी, 1988 में हमने फिलिस्तीन को एक स्टेट के रूप में मान्यता दी और 1992 में हमने इजराइल को मान्यता दी। डी. राजा साहब कह रहे थे, 1974 में हमने पी.एल.ओ. यानी पैलस्टियन लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन को मान्यता दी थी, लेकिन पैलस्टेनियन को स्टेट के तौर पर 1988 में मान्यता दी थी।

SHRI ANAND SHARMA: Sir, I have one correction. After Oslo Accord in 1992, we established diplomatic relations. India had recognized it.

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : मैं वही बताने जा रही हूं।

SHRI ANAND SHARMA: But after PLO accepted the two-nation theory, then, India started establishing diplomatic relations.

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : मैं वही बताने जा रही हूं। वर्ष 1992 में हमने अपने डिप्लोमैटिक रिलेशंस इजरायल से बनाए। आनंद भाई, 1992 में हमने अपने डिप्लोमैटिक रिलेशंस स्थापित किए और संयोग की बात है कि दोनों समय कांग्रेस की सरकार थी, 1988 में श्री राजीव गांधी के नेतृत्व में सरकार चल रही थी और 1992 में श्री नरसिंह राव के नेतृत्व में सरकार चल रही थी और 1992 से लेकर 2014 तक यह पांचवीं सरकार है, जो आई है। देवेगौड़ा जी की सरकार आई, इन्द्र कुमार गुजराल जी की सरकार आई, अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार आई, डा. मनमोहन सिंह जी की सरकार आई और अब 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार आई। लगातार यही नीति, क्या नीति, कि पैलस्टीनियन कॉज का भरपूर समर्थन करते हुए हम इजराइल से अपने संबंध बनाए हुए हैं। यह नीति लगातार 2014 तक चल रही है। दो महीने पहले तक आपकी सरकार थी और हर बार का राष्ट्रपति अभिभाषण उठाकर आप पढ़ लीजिए, पहला पैरा पैलस्टाइन के बारे में होता था और उससे लगा हुआ दूसरा पैरा इज़राइल के बारे में होता था। मैं तो कहूंगी कि केवल संबंधी बनाए नहीं, संबंध बढ़ाए हैं। तो पैलस्टीनियन कॉज का भरपूर समर्थन करते हुए इजरायल से हमने संबंध बनाए रखे और संबंध बढ़ाए। उसका हम बराबर उल्लेख करते थे। वह जो नीति है, उसमें कभी भी इतना भी तिल भर परिवर्तन न नरेन्द्र मोदी जी की सरकार के आने पर हुआ और न अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में हुआ। ज्यादातर यह पीरियड जो गया, उसमें 6 साल हम थे, अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में एन.डी.ए. की सरकार थी और डा. मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व में यू.पी.ए. की सरकार थी। ये 16 साल हम लोगों की सरकारें रहीं, लेकिन जो बाकी सरकारें भी रहीं, वे भी गठबंधन की सरकारें थीं, तो अगर मैं यह कहूं कि उन गठबंधन की सरकारों में लगभग-लगभग हिन्दुस्तान के हर बड़े राजनैतिक दल की हिस्सेदारी रही है, तो इसका मतलब यह नीति मुल्क की रही है, हिन्दुस्तान की रही है। यह नीति कांग्रेस या बी.जे.पी. की नहीं रही, एन.डी.ए. या यू.पी.ए. की नहीं रही, बल्कि हिन्दुस्तान की यह नीति रही है कि पैलस्टीनियन कॉज का भरपूर समर्थन करते हुए इजराइल से संबंध बनाए रखो।

महोदय, उसके बाद सी. पी. एम. से भाई सीताराम येचुरी बोले। इन्होंने दो बातें कहीं, एक तो कहा कि रेजोलूशन होना चाहिए और दूसरी बात इन्होंने कही, मैं तरुण विजय की तरह तोड़-मरोड़ नहीं रही हूं, कि उससे हथियार खरीदना बंद करना चाहिए। आपने यह तो कहा था।

**श्री सीताराम येचुरी** : तत्काल।

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : तत्काल, यही कहा था आपने। अब मैं आपको अपना समय याद दिलाती हूं। यह जो 2014 में घटना घटी है, इससे पहले बिल्कुल इसी तरह की दो घटनाएं, एक 2008 में और एक 2012 में घटीं। जब 2008 में इज़राइल ने कास्ट लीड आपरेशन किया, उस समय 1400 पैलस्टीनियन्स मारे गए थे और आप उस समय सरकार को समर्थन दे रहे थे, यानी आप सरकारी पक्ष थे। ...(**व्यवधान**)... जी, बाहर से समर्थन दे रहे थे। आप कोर्डिनेशन कमेटी के मेम्बर थे। मैं पूछना चाहती हूं कि जो आपके सहयोग से सरकार चल रही थी, उस समय 2008 में ऐसी हिंसा हुई थी, 1400 पैलस्टीनियन्स मारे गए थे, क्या उस समय आपने उस सरकार को, जिसको आप समर्थन दे रहे थे, यह सलाह दी थी कि आप हथियार खरीदने बंद कर दीजिए? यह हमारी सरकार आते ही आपका रुख क्यों बदल जाता है?

**श्री सीताराम येचुरी** : सर, एक मिनट। मैडम, हमने उस समय भी यही सलाह दी थी। अफसोस है कि वह सलाह नहीं मानी गई, इस समय तो आप मान दीजिए। हमारा यही कहना है।

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : आप तो स्वयं कह रहे हैं कि उन्होंने बात आपकी सुनी नहीं। आप आपस में सुलझा लीजिए। किसने कहा था और किसने नहीं कहा था? यह तो आप आपस में उलझ रहे हैं। आप अपने आप सुलझा लीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री तपन कुमार सेन** : उस समय नहीं किया, तो हमने सपोर्ट विदड्रा कर लिया।

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : उस समय सपोर्ट विदड्रा नहीं किया था। आप गलत फैक्ट मत रखिए। वह आपने न्यूक्लीयर डील पर विदड्रा किया था, इस पर नहीं किया था तो मेरा कहना यह है कि जब हम किसी बात को यहां पर रखें, तो पूरी चीज का खुलासा करके रखें।

उपसभापति जी, स्थिति क्या है? अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एक जो सबसे महत्वपूर्ण अनसुलझा विवाद है, वह इज़राइल और फिलिस्तीन का है। अनेकानेक शांति प्रयास हुए, 1993 में ओसलो एग्रीमेंट हुआ, 2002 में अरब पीस इनीशिएटिव हुआ, इंटरनेशनल क्वार्टलैट एफर्ट हुआ, इसमें चार अलग-अलग, युनाइटेड नेशंस था, युनाइटेड स्टेट्स था, रशिया था, इयू था। इंटरनेशनल क्वार्टेट एफर्ट के थ्रू संयुक्त प्रयास हुआ। उसके बाद 2000 में अमरीका समर्थित केम्प डेविड समिट हुआ। और अभी लेटेस्ट 2013 की जुलाई में, सेक्रेटरी ऑफ स्टेट जॉन केरी की मध्यस्थता के साथ, उनकी पहल पर यह शांति वार्ता शुरू हुई। इसमें समायवधि भी तय कर दी गई कि नौ महीने के अंदर-अंदर यह शांति वार्ता समाप्त होगी, किसी समाधान के साथ, लेकिन नवां महीने आते-आते सब कुछ समाप्त हो गया, क्योंकि 23 जुलाई को प्रेज़ीडेंट महमूद अब्बास ने युनिटी गवर्नमेंट की घोषणा कर दी, जिसमें वैस्ट बैंक से फतह और गाजा से हमास, दोनों ने एक सरकार बनाने की घोषणा की, लेकिन हमास ने कहा कि हम सरकार के अंदर नहीं जाएंगे, सरकार को बाहर से समर्थन देंगे। इस पर इज़राइल ने शांति वार्ता तोड़ दी और उन्होंने कहा कि जिस सरकार को हमास का समर्थन है, हम उससे बात नहीं करेंगे और उसके बाद इजराइल के तीन किशोर उम्र के बच्चे अपहरण कर लिए गए और बाद में उनकी हत्या हो गई। इजराइल का कहना है कि यह हमास ने किया है और हमास इससे इंकार करता है। अब ये साक्ष्य हैं, पक्ष हैं, लेकिन उसके बाद हिंसा भड़क गई और उस हिंसा का व्याप बढ़ता चला गया। जैसे हमने भी 10 जुलाई को एक स्टेटमेंट दिया, युनाइटेड नेशन्स से भी एक स्टेटमेंट आया, ब्रिक्स से भी स्टेटमेंट आया, लेकिन मुझे एक बात का दुख है कि जितने भी स्टेटमेंट्स आए, उन तमाम स्टेटमेंट्स में लोगों ने उनसे शांति वार्ता पहल करने की बात की। 15 जुलाई को इजिप्ट ने सीज़फायर का प्रस्ताव रखा। उस प्रस्ताव को इज़राइल ने स्वीकार कर लिया। उस प्रस्ताव को पैलेस्टीनियन स्टेट, पी.एल.ओ. का भी समर्थन मिल गया, एन्डोर्समेंट मिल गया, लेकिन हमास ने उसको रिजेक्ट कर दिया। चाहिए तो यह था कि आज सारे लोग बोलते-बोलते जो ऑपरेटिव पार्ट लाते, वह यह लाते कि हमें कहना चाहिए कि इजिप्ट अभी भी यह कह रहा है that ceasefire is on the table. अभी वह सीज़फायर का प्रस्ताव खत्म नहीं हुआ है। सीजफायर का प्रस्ताव अभी जिंदा है। चाहिए यह था कि यह सुर इस सदन से निकलता कि हम कहें, उन दोनों देशों को कि आप लोग वापस शांति वार्ता की मेज पर जाइए और जो प्रस्ताव है, उस प्रस्ताव पर काम कीजिए और देश तथा विश्व में शांति स्थापित करने की बात कीजिए, जो नहीं हुआ। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सीताराम येचुरी** : सीज़फायर तो हम कह ही रहे हैं।

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : हमास नहीं कह रहा है। हमास का मिलिट्री विंग नहीं कह रहा है। अगर हमास का मिलिट्री विंग मान जाता ...(**व्यवधान**)...

**श्री सीताराम येचुरी** : हम तो कह रहे हैं।

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : आप कह रहे हैं, लेकिन अगर हमास का मिलिट्री विंग मान जाता, तो इसमें आगे बढ़कर अभी तक शांति हो जाती, लेकिन सवाल इस समय वहां खड़ा है और मुझे एक बात की खुशी है कि सारे अरब देशों के विदेश मंत्रियों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया और यह कहा है कि यह शांति वार्ता होनी चाहिए। यू.एन., यू.के., यू.एस., चीन, रशिया तो कह ही रहे हैं, वे तो कह ही रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ी बात है कि खाड़ी के देशों के, अरब देशों के सभी विदेश मंत्री कह रहे हैं और इसीलिए मैं यह कह रही हूं कि आज के सदन का सुर यह होना चाहिए था। हम बार-बार कह रहे हैं कि हम एक रिजॉल्यूशन करें, आप तो खुद ही नियमों का हवाला देते हैं, जिस नियम के तहत आप यह चर्चा करने आए हैं, क्या उस नियम के तहत कोई प्रावधान है रिजॉल्यूशन का? क्या उसके नीचे कोई मोशन आ सकता है? क्या उसके नीचे कोई वोटिंग हो सकती है? जिस समय मैंने चेयरमैन साहब को पत्र लिखा था, उस समय चेयरमैन साहब ने मुझे जवाब दिया था और वह जवाब मैं पढ़कर सुनाती हूं। उन्होंने लिखा था-"As per Rule 178, in case of a Short Duration Discussion, there shall be no formal Motion before the Council, nor voting."

यह चेयरमैन साहब का मुझे दिया हुआ जवाब है कि जिसके तहत आपने शॉर्ट ड्यूरेशन डिस्कशन माना है, उसके नीचे कोई मोशन होता ही नहीं, उसके नीचे कोई वोटिंग होती ही नहीं, तो भी आप बार-बार रिजॉल्यूशन की बात कर रहे हैं। इसलिए कोई रिजॉल्यूशन... होना क्या चाहिए? होना वह चाहिए, जो हमारे एन.सी.पी. के माजीद मेमन साहब ने कहा। माजीद मेमन साहब ने साहिर लुधियानवी की एक कविता पढ़ी, एक नज्म, जो जंग के खिलाफ थी। आज का जो हमारा ब्रीफ है इस सदन का वह यह होना चाहिए कि जहां-जहां हिंसा हो रही है, उस हिंसा की हम निंदा करे और हिंसा की निंदा करते हुए दोनों देशों को यह कहें कि समाधान केवल शांति से निकल सकता है, और किसी चीज से नहीं निकल सकता, इसलिए वापस टेबल पर बैठिए और इजिप्ट ने जो प्रस्ताव सीज़फायर का दिया है, उसको दोनों स्वीकार कीजिए और पूरे विश्व में शांति स्थापित करने की एक पहल कीजिए - यह सुर निकालना चाहिए और मैं समझती हूं कि यही सुर हमारी संसद का हो, यही सुर संसद से होना चाहिए, यही सुर सरकार का होना चाहिए... और यही सूर हमारे पूरे मुल्क का होना चाहिए। मेमन साहब, आपने जो साहिर लुधियानवी की नज्म सुनाई, मुझे जाहिर साहब की उसी नज्म से और चार लाइनें याद आ रही हैं जो मैं आपके सामने रखता हूं। बजाय रेजोल्यूशन के यह संदेश दीजिए इस सदन से, और इस संदेश को बहुत उम्दा तरीके से साहिर साहब ने पेश किया है।

[श्रीमती सुषमा स्वराज]

चलो कि चल के उन सियासी मुक़ामिरों से कहें
कि हमें जंगो-जदल के चलन से नफ़रत है।
जिसे लहू के सिवा कोई रंग रास न आए,
हमें हयात के उस पैरहन से नफरत है।

इस संदेश के साथ इस चर्चा को समाप्त करेंगे तो चर्चा सार्थक होगी। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री सीताराम येचुरी** : सर, हमने रूल 167 के अंतर्गत चर्चा की मांग की थी जिसके अंदर रेजोल्यूशन का प्रावधान था। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Yechury, let the Leader of the Opposition speak.

**श्री सीताराम येचुरी** : तब चेयरमैन साहब ने कहा कि इस रूल के तहत सरकार नहीं मान रही है, तभी यह शॉर्ट ड्यूरेशन डिस्कशन के अंदर आया ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : जो आया, उसी को करो।

**श्री सीताराम येचुरी** : हमने मांग तो उसी की की थी। ...(**व्यवधान**)... सरकार अगर इस बात को मान लेती तो वह रेजोल्यूशन जरूर होता। हमारा आपसे सिर्फ यही निवेदन है कि यह बहुत गंभीर मसला है, इसके ऊपर एक प्रस्ताव के रूप में सदन से जरूर कुछ जाना चाहिए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Now, the Leader of the Opposition.

**श्री गुलाम नबी आज़ाद** : माननीय मिनिस्टर साहिबा, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। सिर्फ दो चीजें, आपने कहा कि यहां उभरकर आनी चाहिए। मैंने आखिर में, अपना भाषण समाप्त करने से पहले पांच-छह मुद्दे पढ़े थे, उसमें मैंने यही कहा था, ऐसा नहीं है कि हमने नहीं कहा। हमने कहा था,

†[**قائد حزب اختلاف (جناب غلام نبی آزاد)** : مانّنے منسٹر صاحبہ، آپ کا بہت بہت دھنیواد۔ صرف دو چیزیں، آپ نے کہا کہ یہاں ابھر کر آنی چاہئے۔ میں نے آخر میں، اپنا بھاشن ختم کرنے سے پہلے پانچ-چھہ مدّعے پڑھے تھے، اس میں میں نے یہی کہا تھا، ایسا نہیں ہے کہ ہم نے نہیں کہا۔ ہم نے کہا تھا۔ کہ]

Israel's heavy use of force must stop immediately. Defiant rocket attacks by Hamas on Israeli Territory should also come to an end. I also said, prevent further loss of life and property and a united appeal should be made to both the sides to de-escalate tensions. ऐसा नहीं है कि ایسا نہیں ہے کہ ہم نے ...(مداخلت)... कि हमने ...(**व्यवधान**)...

**श्री सीताराम येचुरी** : सीज़फायर भी कहा।

---

†Transliteration in Urdu Script.

**श्री गुलाब नबी आज़ाद** : और भी बहुत सारी चीज़ें जुबानी बतायी थीं। हम लोगों ने यहां पर यह सब कहा था। ...(**व्यवधान**)... बहुत सारी चीज़ें थीं, मैं सब नहीं पढ़ रहा हूं, बहुल लम्बा-चौड़ा था, मैं कागज़ अंदर ऑफिस में छोड़कर आया हूं। माननीय महोदय, हम लोगों ने, अपोजिशन ने – पूरी जितनी अपोजिशन है–यह मांग की थी कि यहां चेयर की तरफ से, हमारी तरफ से नहीं, गवर्नमेंट की तरफ से नहीं बल्कि पूरे सदन की तरफ से, भारत के सदन की तरफ से, चेयर की तरफ से एक रेजोल्यूशन आना चाहिए। हम लोगों ने, अपोज़िशन ने जो बनाया था, वह आपको भी दिया था, माननीय फॉरेन मिनिस्टर को भी दिया था। सभी पॉलिटिकल पार्टीज जानना चाहती हैं कि उसके बारे में आपकी क्या रूलिंग है?

†[ **جناب غلام نبی آزاد :** اور بھی بہت ساری چیزیں زبانی بتائی تھیں۔ ہم لوگوں نے یہاں پر یہ سب کہا تھا ---(مداخلت)--- بہت ساری چیزیں تھیں، میں سب نہیں پڑھ رہا ہوں، بہت لمبا چوڑا تھا، میں کاغذ اندر آفس میں چھوڑ کر آیا ہوں۔ مانئے مہودے، ہم لوگوں نے، اپوزیشن نے، پوری جتنی اپوزیشن ہے، یہ مانگ کی تھی کہ یہاں چیئر کی طرف سے، ہماری طرف سے نہیں، گوورنمینٹ کی طرف نہیں بلکہ پورے سدن کی طرف سے، بھارت کے سدن کی طرف سے، چیئر کی طرف سے ایک ریزولیوشن آنا چاہئے۔ ہم لوگوں نے، اپوزیشن نے جو بنایا تھا، وہ آپ کی بھی دیا تھا۔ مانئے فارن منسٹر کو بھی دیا تھا۔ سبھی پولیٹکل پارٹیز جاننا چاہتی ہیں کہ کہ اس کے بارے میں آپ کی کیا رولنگ ہے؟ ]

DR. V. MAITREYAN: Sir, the resolution should be comprehensive and it should include all. We demand that.

SHRI GHULAM NABI AZAD: That is your demand. ... *(Interruptions)*... Sir, we would like to know ... *(Interruptions)*...

DR. V. MAITREYAN: Before the Chair gives a ruling, I want to emphasize that the resolution has to be comprehensive and should touch upon the issues that I have raised. ... *(Interruptions)*...

SHRI GHULAM NABI AZAD: We would like to know from the hon. Leader of the House what the position is. ... *(Interruptions)*... I want a response from the Government.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will react to what you have said. See, the position is, this discussion is under Rule 176. Under Rule 176, there is no formal motion and there is no voting. That is a Rule. ... *(Interruptions)*... I will come to that. Let me complete. That is the position regarding Rule 176. This fact has been narrated here by the hon. External

†Transliteration in Urdu Script.

[Mr. Deputy Chairman]

Affairs Minister and what you said about Rule 176 is correct; it stands. On what hon. Leader of the Opposition said, hon. Leader of the Opposition has said about a resolution, whether after a discussion under Rule 176, can we take a resolution. That is the point. The Leader of the Opposition has said, a resolution should be taken with a full consensus and it should come from the Chair. Now, resolution is possible only if there is consensus from both the sides. We, even after this discussion, can have a resolution, but for that the condition is that it cannot be motion, it cannot have voting but it should be a resolution with a full consensus of the House. So, the Chair can move a Resolution or Government can move a Resolution or this side can move a Resolution only if there is consensus, full consensus. Now, the hon. LoP has made it clear that there is consensus on this side about this Resolution. The Chair can accept or agree for such a Resolution only if that side also agrees for that Resolution. I have to listen to that from this side also. What is your view? ... *(Interruptions)* ...

THE LEADER OF THE OPPOSITION (SHRI GHULAM NABI AZAD): Sir, we are not asking for voting. ... *(Interruptions)* ...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, yes, not asking.

SHRI GHULAM NABI AZAD: Let the Resolution come from the Chair. ... *(Interruptions)* ... We don't mind if the Resolution comes from the Leader of the House. ... *(Interruptions)* ... we are not saying that the Resolution should come from the Opposition. ... *(Interruptions)* ...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is not the point.

SHRI GHULAM NABI AZAD: We will accept that also if the Resolution comes from the Leader of the House. ... *(Interruptions)* ...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, that is not the point. If the Chair has to permit a Resolution, even for permission, I want consensus of this House because Rule 176 is there.

**श्री सीताराम येचुरी** : सर, साहिर लुधियानवी का आपने जिक्र किया। उनका एक नगमा आपको जरूर याद होगा - वह सुबह कभी तो आएगी, याद है ना? जब दुनिया से जुल्म को खत्म करेंगे, वह सुबह तो कभी आएगी। आप उसको लाइए। आप एक प्रस्ताव रखिए। हम लोग सभी समर्थन करेंगे। आप इसे लाइए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Is there an agreed version? I don't know. ... *(Interruptions)* ... See, as far as I am concerned, I don't know about it. I have got a copy. But this is not an agreed version. Is there an agreed version? ... *(Interruptions)* ... Is there an agreed version? I would like the Government to react.

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: No, Sir. The discussion on the Short Duration Notice has already taken place, comprehensively taken place.

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : सर, हम यह कह कर सदन को बांट रहे हैं, हम बांटें ना। मैंने जिससे अंत किया है, वह संदेश देकर हम इस सदन में उठें, एक सुर में बात करें, यही संदेश दीजिए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That means there is no draft agreed by both sides. There is no agreed Resolution. ... *(Interruptions)*...

SHRI P. RAJEEVE: Sir, earlier, we had given notice under Rule 167 for a motion. At that time, the Government was not agreed for that. Only because of that, we have taken this discussion as a Short Duration Discussion.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am bound by the rules. I am telling you, I am bound by the rules. The rule is very clear. Under Rule 176, there cannot a motion and there cannot be voting. So you cannot move a Resolution. ... *(Interruptions)*...

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, may I request one thing?

MR. DPEUTY CHAIRMAN: Please.

SHRI SITARAM YECHURY: If the Leader of the House agrees and if the hon. Minister and along with them, if this side agrees, you please take a recess for ten minutes. Let the leaders meet and then we come to an agreement whether it is possible or not. ... *(Interruptions)*... Yes, let us have a recess for ten minutes and let the leaders meet. That is my concrete suggestion. ... *(Interruptions)*... Therefore, I am making a request. ... *(Interruptions)*... If the Leader of the House agrees, you can consult him. We can just meet for ten minutes and see it if is possible. ... *(Interruptions)*...

**श्री प्रकाश जावडेकर** : सर, ऐसा कभी हुआ है क्या? ...**(व्यवधान)**... रेल बजट पर चर्चा होनी है। कई दिन निकल गए हैं। ...**(व्यवधान)**...

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : येचुरी जी, नहीं होगा। ...**(व्यवधान)**...

**श्री सीताराम येचुरी** : उसके बाद कई रातें गुजर गईं, कई सुबहें चली गईं, आपको पुरानी बातें अब याद आ रही हैं। हम आज की बात कह रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति** : गुजराल जी, आप बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**... Yechuryji, as far as the Chair is concerned, I have no problem. But the point is, I should have consent from both sides, and even for your suggestion.

DR. V. MAITREYAN: Sir, not both sides; all sides.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, all sides. 'Both' means all sides. Yes. So, even for accepting your suggestion, there is no consensus. ...*(Interruptions)*... That is what I am saying. ...*(Interruptions)*... There is no consensus. ...*(Interruptions)*... Okay. So, I am sorry, there is no consensus. ...*(Interruptions)*... So, I am going to take up the Railway Budget. ...*(Interruptions)*...

SHRI GHULAM NABI AZAD: Sir, we, the entire Opposition, walks out. ...*(Interruptions)*...

*(At this stage some hon. Members left the Chamber.)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What can I do? . ...*(Interruptions)*...

SHRI SITARAM YECHURY: The Leader of the House, at least, ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I cannot talk now. . ...*(Interruptions)*... That is for them. ...*(Interruptions)*... That is for the Government. That is for them to say. ...*(Interruptions)*... I cannot influence the Government.

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, this is not fair. ...*(Interruptions)*... So, we will have to walk out in protest. . ...*(Interruptions)*...

*(At this stage some hon. Members left the Chamber.)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Neither can I influence you nor can I influence the Government. ...*(Interruptions)*...

**श्री शरद यादव** : अध्यक्ष जी, यह सरकार इतनी सी बात मानने के लिए तैयार नहीं, इसलिए वाक आउट करने के अलावा हमारे पास और कोई रास्ता नहीं है।

*(At this stage some hon. Members left the Chamber.)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I cannot influence. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Sir, Railway Budget. . ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Railway Budget. ...*(Interruptions)*... We shall now take up the Railway Budget. ...*(Interruptions)*...

SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY: Sir, I have a suggestion to make. ...*(Interruptions)*... Without having any Resolution, the Chair could make a reference, because the Government has also expressed concern. ...*(Interruptions)*... The Government has also expressed concern, and in the same manner. The Opposition too has expressed concern. The Chair could make a reference. ...*(Interruptions)*... Instead of a Resolution . ...*(Interruptions)*...

**4.00 P.M.**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: A reference by the Chair would also have to be with consensus. You know that. ... *(Interruptions)*...

SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY: Well, Sir, we are staging a walk out in protest against that.

*(At this stage, some hon. Members left the Chamber.)*

---

## *THE BUDGET (RAILWAYS) 2014-15, AND GOVERNMENT BILLS

**(i.) The Appropriation (Railways) No. 2 Bill, 2014**

**(ii.) The Appropriation (Railways) No. 3 Bill, 2014**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, The Budget (Railways) 2014-15, The Appropriation (Railways) No. 2 Bill, 2014 and The Appropriation (Railways) No. 3 Bill, 2014 to be discussed together.

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI D.V. SADANANDA GOWDA): Sir, I move:

> That the Bill to provide for the authorization of appropriation of moneys out of the Consolidated Fund of India to meet the amounts spend on certain services for the purposes of Railways during the financial year ended on the 31st day of March, 2012 in excess of the amounts granted for those services and for that year, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration.

Sir, I also move:

> That the Bill to authorize payment and appropriation of certain sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 2014-15 for the purposes of Railways, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration.

*The questions were proposed.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Ghulam Nabi Azad; not here. Shri Prabhat Jha.

**श्री प्रभात झा** (मध्य प्रदेश) : उपसभापति महोदय, 6 दिन बाद रेल बजट 2014-15 पर बहस की शुरूआत हो रही है, मुझे इस बात की खुशी है और विपक्ष धीरे-धीरे सदन में आ रहा है, इस बात की भी खुशी है। आजादी के 67 साल बाद अब तक जितने रेल बजट पेश हुए, उनमें से 60 रेल बजट कांग्रेस या कांग्रेस की यू.पी.ए. सरकार ने प्रस्तुत किए हैं। उसमें यदि सामान्य से सामान्य नागरिक से पूछा जाए कि आज भारत की रेलवे की जो दुर्दशा है, इसके लिए कौन

* Discussed together.